प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

मतदान

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए कल मतदान होगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य स्थानों पर पहुंच चुकी है। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि राज्य में कुल 57 लाख 11 हज़ार 9 सौ 69 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 28 लाख 48 हज़ार 3 सौ 26 पुरूष और 27 लाख 97 हज़ार 2 सौ 18 महिला मतदाता शामिल हैं। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव से अब तक प्रदेश में मतदाताओं की संख्या में 3 लाख 81 हज़ार 8 सौ 15 की बढ़ौतरी हुई है। राज्य में 18 से 19 वर्ष की आयु के मतदाताओं की संख्या एक लाख 71 हज़ार 6 सौ 75 है जबकि एक हज़ार 2 सौ 54 मतदाता ऐसे हैं जो सौ वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं। इसके अलावा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 60 हज़ार 8 सौ 35 है। प्रदेश में 35 थर्ड जेंडर मतदाता भी पंजीकृत है जबकि सर्विस मतदाताओं की संख्या 66 हज़ार 3 सौ 90 है। इन सभी मतदाताओं के लिए प्रदेश भर में 7 हज़ार 9 सौ 92 केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से 3 सौ 69 मतदान केन्द्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। कांगड़ा ज़िले में सबसे अधिक एक सौ 18 संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं। प्रदेश में मतदान को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

प्रत्याशी

प्रदेश में कल कुल 62 प्रत्याशियों का भाग्य इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में बंद हो जाएगा। इनमें से 37 प्रत्याशी लोकसभा चुनाव जबकि 25 उम्मीदवार 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। हालांकि राज्य में कई छोटे दलों ने भी अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं लेकिन इस बार भी मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही होता दिखाई दे रहा है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर और कांग्रेस के सतपाल रायजादा के बीच है। हमीरपुर संसदीय सीट पर कई छोटी पार्टियों के अलावा 4 निर्दलीय प्रत्याशी भी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। ये सीट पिछले कई वर्षों से भाजपा की गढ़ रही है और केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर यहां लगातार पांचवीं बार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने वर्ष 2009, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के अलावा वर्ष 2008 में हुए लोकसभा उपचुनाव में हमीरपुर से जीत हासिल की थी।

उधर कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 10 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा के डॉक्टर राजीव भारद्वाज और कांग्रेस के आनंद शर्मा के बीच है। हालांकि ये दोनों प्रत्याशी पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

प्रत्याशी–2

इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी सहित तीन निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे हैं।

शिमला संसदीय सीट पर पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें भाजपा के सुरेश कश्यप, कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी और राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सुरेश कुमार के अलावा अन्य दलों के उम्मीदवार भी शामिल हैं।

मंडी संसदीय सीट भी प्रदेश की हॉट सीटों में से एक है। यहां सुप्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रणौत को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है जबकि कांग्रेस पार्टी ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। इस सीट पर हमेशा की तरह इस बार भी मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही होता दिखाई दे रहा है। हालांकि मंडी संसदीय क्षेत्र से कुल 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

प्रदेश में इस बार हो रहे लोकसभा चुनाव की खास बात यह है कि केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और सांसद सुरेश कश्यप के अलावा भाजपा व कांग्रेस ने सभी सीटों पर नए चेहरे चुनाव मैदान में उतारे हैं, जो पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

मनीष गर्ग

इस बीच प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है और मतदान केन्द्रों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। आकाशवाणी शिमला के समाचार प्रमुख रितेश कपूर से विशेष बातचीत के दौरान मनीष गर्ग ने कहा कि सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में निर्भीक होकर भाग लेना चाहिए।

इस बीच मतदान के दिन कल राज्य के सभी पंजीकृत मतदाताओं के लिए वेतन सहित अवकाश घोषित किया गया है। ये अवकाश राज्य सरकार के सभी कार्यालयों, बोर्डों, निगमों, शिक्षण संस्थानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों सहित दैनिक वेतन भोगियों के लिए भी देय होगा।